साँची बता दे नंदलाला

साँची बता दे नंदलाला, रूप तेरा क्यों काला,
रूप तेरा क्यों काला, रूप तेरा क्यों काला,
साँची बता नंदलाला, रूप तेरा क्यों काला....

गौरी है तेरी यशोदा मैया, गौरा है तेरे दाऊ भैया,
बाबा नन्द उजियारा, रूप तेरा क्यों काला,
साँची बता नंदलाला, रूप तेरा क्यों काला.....

गौरी है तेरी राधा नन्द किशोरी, बरसाने की है वो छोरी
गौरे हैं सब ग्वाला, रूप तेरा क्यों काला
साँची बता नंदलाला, रूप तेरा क्यों काला...

सही बता दे मोहन प्यारे कैसे स्वामी तुम हो काले
खेल है तेरा निराला, रूप तेरा क्यों काला
साँची बता नंदलाला, रूप तेरा क्यों काला...

मै तो हूँ अब शरण तुम्हारी मैहर करो मोपे बाँके बिहारी,
तेरी जपूँ मैं माला, रूप तेरा क्यों काला
साँची बता नंदलाला, रूप तेरा क्यों काला...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22813/title/Sanchi-bata-de-nandlala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |